आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

• वर्ष- 15 अंक-103 कटनी • रविवार, 16 मई, 2021 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • वैशाख शुक्ल पक्ष -5• विक्रम संवत् 2078 शके 1935



## नई आफत

Cyclone Tauktae

### बच्ची को जन्म देने के बाद कोरोना से हार गई



देवास के सरकारी अस्पताल के ब्लड बैंक अधिकारी डॉ खदीजा शेख कोरोना महामारी की शिकार हो गईं। शनिवार को इंदौर के अस्पताल में शेख ने आखिरी सांस ली। परिजनों के मुताबिक इंदौर में डॉक्टरों ने बताया कि जिंदगी बचाने के लिए इनका ऑपरेशन करना होगा। परिजनों की अनुमति के बाद 7 महीने में ऑपरेशन कर दिया गया, जिससे एक बच्ची का जन्म हुआ।

# 24 घंटे में होगा गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील


**मुंबई, अहमदाबाद, केरल** चक्रवाती तूफान टाक्टे () तेजी से आगे बढ़ रहा है और खतरनाक रूप धारण करता जा रहा है। रविवार सुबह की स्थिति के मुताबिक, यह गोवा से 100 किमी दूर है। पहले कहा गया था कि यह मुंबई तय से दूरी से गुजरेगा, लेकिन इसके खतरनाक होने के कारण मुंबई में भारी बारिश का अलर्ट किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, मुंबई में रविवार दिनभर भारी बारिश हो सकती है। यह 18 मई की सुबह गुजरात तट पर पहुंचेगा। कुल मिलाकर पांच राज्यों (केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और गुजरात) में अलर्ट किया गया है और एनडीआरएफ की 100 से ज्यादा टीमें तैनात की गई हैं। साथ ही वायु सेना को भी अलर्ट पर रखा गया है। साइक्लोन का असर मध्य प्रदेश और राजस्थान तक दिखाई दे सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हालात पर नजर रखे हुए हैं। केरल में भारी बारिश और बाढ़ के कारण दो लोगों की मौत की सूचना है।



मौसम विभाग के मुताबिक ताउते अगले 24 घंटे में गंभीर और उसके बाद बहुत गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होगा। यह 18 मई की दोपहर से शाम के बीच गुजरात के पोरबंदर से होता हुआ पाकिस्तान की ओर रुख करेगा। ताउते चक्रवात से अबतक कर्नाटक में चार लोगों की मौत हो गई और 73 गांव प्रभावित हैं। गृह मंत्री अमित शाह की बैठक शुरू, महाराष्ट्र और चक्रवाती तूफान ताउते को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बैठक शुरू हो गई है। कोरोना की वजह से यह बैठक वर्चुअल तरीके से की जा रही है और इसमें महाराष्ट्र और गुजरात के मुख्यमंत्री मौजूद है। वहीं बैठक में ताउते के खतरे और इससे निपटने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी। महाराष्ट्र के राहत और पुनर्वास मंत्री ने कहा कि चक्रवात ताउते के मद्देनजर कोंकण तट के पास स्थित सभी जिलों को चेतावनी जारी कर दी गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में गृहमंत्री अमित शाह के अलावा विभिन्न मंत्रालयों व एजेंसियों के शीर्ष पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।पीएम ने तूफान से प्रभावित होने वाले इलाकों के कोविड अस्पतालों का विशेष ध्यान रखने को भी कहा।

## क्विक अपडेट



### 'राधे' ने पहले ही दिन की 108 करोड़ की कमाई

**मुंबई।** सलमान खान की ईद पर रिलीज हुई फिल्म 'राधे योर मोस्ट वांटेड भाई' की पहले दिन की कमाई ने अरसे से रिलीज की राह तक रही फिल्मों के लिए रोशनी की एक नई किरण दिखाई है। आंकड़ों के हिसाब से देखें तो सिर्फ भारत में फिल्म ने पहले दिन 108 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की। ये सलमान खान की किसी भी फिल्म को देश में मिली अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग है। फिल्म 'राधे योर मोस्ट वांटेड भाई' ने देश में 'पे पर व्यू' के जरिए फिल्मों की रिलीज पर भी कामयाबी की मोहर लगा दी है। सलमान की किसी फिल्म की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग उनकी पिछली फिल्म 'भारत' की रही है जिसने रिलीज के दिन ही 42 करोड़ 30 लाख रुपये जुटाए थे।

### इंग्लैंड रवाना होने से पहले खिलाड़ी 14 दिन आइसोलेट

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम के इंग्लैंड दौरे पर रवाना होने से पहले फुलप्रूफ योजना तैयार कर ली है। भारतीय टीम को अगले माह साउथम्प्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल और टीम इंडिया मेजबान टीम के साथ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने के लिए इंग्लैंड रवाना होना है। बीसीसीआई से जुड़े सूत्रों ने बताया कि 2 जून को इंग्लैंड दौरे पर रवाना होने से पहले सभी खिलाड़ियों को 19 मई को मुंबई में एकत्रित होना है, जहां उन्हें 14 दिन के लिए आइसोलेशन में रहना होगा। रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद ही वे मुंबई के लिए रवाना होंगे

### देश में फिर बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

**नई दिल्ली।** सरकारी तेल कंपनियों की ओर से कल की राहत के बाद आज पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। आज की डीजल कीमत 27 से 29 पैसे तक बढ़ी है तो वहीं पेट्रोल की कीमत भी 22 से 24 पैसे तक बढ़ी थी। बता दें कि प्रतिदिन सुबह छह बजे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है। सुबह छह बजे से ही नई दरें लागू हो जाती हैं। दाम में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन और अन्य चीजें जोड़ने के बाद इसका दाम लगभग दोगुना हो जाता है।




## प्रयागराज में हवा में उड़ी बालू तो गंगा किनारे दिखे दफन शव

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में गंगा किनारे का यह दृश्य विचलित करने वाला है। हवा चलने से रेत हटी तो बालू में दफन किए गए शव दिखने लगे। सैकड़ों की संख्या में शव गंगा किनारे दफनाए गए थे। माना जा रहा है कि लकड़ी और धन की कमी के कारण इन शवों को यहां दफन किया गया था। पिछले दिनों गंगा, यमुना और रामगंगा नदी में बड़ी संख्या में शवो को उतराते देखा गया था। योगी ने नदियों में शव बहाने पर पाबंदी लगा दी थी। अब सरकार की सख्ती को देखते हुए नगर विकास विभाग ने निकाय स्तर पर निगरानी समितियों का गठन किया है। नगर महापौर और नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत स्तर पर गठित समितियों का अध्यक्ष चेयरमैन को बनाया गया है। आपको बता दें कि सदियों से लोगों की आस्था के रुप में पूजी जाने वाली मां गंगा का अस्तित्व झूंसी में खतरे में हैं। झूंसी के छतनाग गांव स्थित गंगा तट को लोगों ने कब्रिस्तान बना दिया है। वैसे तो छतनाग घाट को श्मशान घाट के रुप में ज्यादा मान्यता मिली हुई है लेकिन कोरोना संक्रमण में इन दिनों शव का अंतिम संस्कार करने के लिए पहुंचने वाले लोग शव को बालू में दफना दिया।

# नए मामलों में गिरावट जारी, पर मौत के आंकड़ों ने बढ़ाई चिंता

## 3.11 लाख से अधिक नए कोरोना मरीज, 4077 लोगों की गई जान

**नई दिल्ली।** देश कोरोना वायरस की दूसरी लहर का प्रकोप जारी है। राहत की बात ये है कि करीब एक हफ्ते से कोरोना संक्रमण के दैनिक मामलों में कमी दर्ज की जा रही है। वहीं कोरोना से होने वाली मौत का आंकड़ा अभी भी चिंता सबब बना हुआ है। देश में बीते 24 घंटे में 3.11 लाख से अधिक नए कोरोना मरीज मिले हैं और 4,077 लोगों की जान चली गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में बीते 24 घंटों में 3,11,170 नए कोरोना मरीज मिल हैं। इसके साथ ही देश में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 2,46,84,077 पहुंच गई है। वहीं पिछले 24 घंटों में 4,077 लोगों ने दम तोड़ा है। इसके साथ कोविड से मरने वालों की संख्या 2,70,284 पहुंच गई।एक हफ्ते से हर रोज 4 हजार से अधिक लोगों की मौत दर्ज हैं।



### कांग्रेस सांसद राजीव सातव का कोरोना से निधन



कांग्रेस के राज्यसभा सांसद राजीव सातव का आज सुबह निधन हो गया। कोरोना संक्रमण के चलते पिछले कुछ समय से अस्पताल में भर्ती थे। 22 अप्रैल को कोरोना पॉजिटिव हुए थे। तब से उनका पुणे के जहांगीर अस्पताल में इलाज चल रहा था। पीएम मोदी तथा राहुल गांधी ने दुख व्यक्त किया है।

### सक्रिय मामलों में मामूली कमी

स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में एक बार फिर सक्रिय मामलों में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। राहत की बात ये है कि पिछले 24 घंटे में रिकॉर्ड 3,62,437 कोरोना मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौट गए हैं। इसके साथ ही देश में अब तक 2,07,95,335 मरीज कोरोना वायरस को मात देने में कामयाब हुए हैं। रोजाना के आधार पर दर्ज होने वाले नए कोरोना केसों की तुलना में ठीक होने वाले मरीजों की संख्या अधिक हो गई है, जिससे सक्रिय मामलों में कमी आई है। फिलहाल, देश में सक्रिय मामले बढ़कर 36,18,458 पहुंच गए हैं, जो संक्रमण के कुल मामलों का 14.66 प्रतिशत है। सक्रिय मामलों की संख्या अमेरिका के बाद सबसे अधिक भारत में है। कोविड-19 से स्वस्थ होने वाले लोगों की राष्ट्रीय दर में सुधार हुआ है और यह 84.25 प्रतिशत है।

## अदार पूनावाला के पिता भी लंदन पहुंचे, बोले- देश छोड़कर नहीं भागा



**पुणे।** सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला को देश छोड़ने की अफवाहों के बीच पूनावाला ग्रुप के चेयरमैन और उनके पिता सायरस पूनावाला भी लंदन पहुंच गए हैं। परिवारवालों के साथ-साथ उनके पिता के वहां पहुंचने के बाद पूनावाला के देश छोड़ने को लेकर अटकलें तेज़ हो गई हैं। हालांकि सायरस पूनावाला ने इस तरह की अफवाहों को निराधार और बेबुनियाद बताया है। उन्होंने मीडिया को यह जरूर बताया है कि वो यूरोप में वैक्सीन की यूनिट लगाने पर विचार कर रहे हैं। एक अंग्रेजी अखबार को दिए इंटरव्यू में सायरस पूनावाला ने कहा कि वह हर साल मई महीने में गर्मी छुट्टी बीतने के लिए परिवार के साथ लंदन आते हैं। उन्होंने उस बात को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें कहा जा रहा था कि उनके बेटे और वो देश छोड़कर भाग गए।

## रूसी राजदूत बोले- जल्द आएगा एक खुराक वाला टीका


# भारत पहुंची स्पूतनिक-वी की दूसरी खेप

**नई दिल्ली।** देश में मात्र दो वैक्सीन के जरिए ही टीकाकरण अभियान किया जा रहा है लेकिन जल्द ही इस अभियान में एक और वैक्सीन का नाम जुड़ जाएगा। अब कोविशील्ड और कोवैक्सीन के साथ रूसी वैक्सीन स्पूतनिक-वी की खुराकें भी दी जाएंगी और अगले हफ्ते से ये वैक्सीन बाजार में उपलब्ध हो जाएगी। आज रूसी वैक्सीन स्पूतनिक-वी की दूसरी खेप हैदराबाद पहुंची। वैक्सीन के भारत पहुंचने के बाद रूसी राजदूत एन कुदाशेव ने इस वैक्सीन को रशियन-इंडियन वैक्सीन का नाम दिया। उन्होंने कहा कि रूसी वैक्सीन स्पूतनिक-वी के असर के पूरे दुनिया में चर्चे हैं। सभी अच्छी तरह से जानते हैं कि स्पूतनिक-वी कोरोना के खिलाफ कितनी कारगार है। इसके अलावा रूसी राजदूत एन कुदाशेव ने जानकारी दी कि भारत में एक खुराक वाली स्पूतनिक लाइट वैक्सीन के उत्पादन पर भी जोर दिया जाएगा। उन्होंने कोरोना के नए स्ट्रेन के खिलाफ प्रभावशाली बताया है। राजदूत ने स्पूतनिक-वी को रशियन-इंडियन वैक्सीन तक कह डाला।



### वैक्सीन लगी हो या नहीं कोरोना से बचना है जरूरी

देश में कोरोना वैक्सीन की 18 करोड़ से अधिक डोज दी जा चुकी हैं। इस बीच, केंद्र सरकार में मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के विजय राघवन ने लोगों से कोरोना बचाव संबंधी नियमों का पालन करने की अपील की। राघवन ने कहा कि वैक्सीन लगवाई या नहीं, लेकिन सोशल डिस्टेंसिंग रखें और मास्क जरूर लगाएं। वैक्सीन लगवाने के बाद भी कोरोना गाइडलाइन का पालन करना जरूरी है, नहीं तो संक्रमण होने का खतरा बना रहेगा।



## पीएम ने की यूपी, राजस्थान छग के सीएम से बात दिल्ली में बढ़ा लॉकडाउन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान और छत्तीसगढ़ शामिल है। इन राज्यों में कोरोना की स्थिति को लेकर चर्चा की गई। दिल्ली में एक और हफ्ते के लिए लॉकडाउन की अवधि को बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसकी घोषणा की। अब 24 मई तक दिल्ली में पाबंदियां लगी रहेंगी। उधर जयपुर मेंअब ग्रामीण इलाकों में भी कोरोना फैलने लगा है।

# इस्राइल-फलस्तीन के बीच खूनी संघर्ष में मीडिया भी बना निशाना



**वाशिंगटन/येरुशलम/गाजा**

इस्राइल और फलस्तीन के बीच खूनी संघर्ष जारी है। इस्राइल के युद्धक विमानों ने रविवार तड़के गाजा सिटी के अहम हिस्से में कई इमारतों, सड़कों और मीडिया दफ्तरों को निशाना बनाया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बात कर नागरिकों और पत्रकारों की सुरक्षा पर चिंता जताई। इस्राइली हवाई हमले में शनिवार को गाजा शहर में एक ऊंची इमारत को नष्ट कर दिया, जिसमें एसोसिएटेड प्रेस और अन्य मीडिया आउटलेट्स के कार्यालय थे। जानकारी के मुताबिक, मीडिया कार्यालय में मौजूद सभी पत्रकार, कर्मचारी और फ्रीलांसरों को इमारत से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर वार्ता की।बाइडन ने हमास के मिसाइल हमलों के जवाब में गाजा में इस्राइली हमलों के प्रति पूरा समर्थन व्यक्त किया, लेकिन हमलों में आम नागरिकों के हताहत होने और पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई।

## सिंधिया के साथ पहुंचे शिवराज



**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ,राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया व चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग विशेष विमान से 12.30 बजे ग्वालियर आए। कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा करने के लिए विमानतल से सीधे कलेक्ट्रट पहुंचे। यह पहला मौका है जब मुख्यमंत्री की आगवानी के लिए कलेक्टर व एसपी नहीं पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री ने ग्वालियर रवाना होने से पहले ट्वीट किया था कि कोई अधिकारी व भाजपा नेता उनकी आगवानी के लिए विमानतल पर नहीं आएगा। इसी टवीट के बाद शहर में मौजूद ऊर्जा मंत्री सहित कोई भाजपा नेता सीएम की अगवानी के लिए नहीं पहुंचा।

## एमपी में एक लाख से नीचे आई सक्रिय मरीजों की संख्या




**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या शुक्रवार को एक लाख से नीचे आ गई है। मध्य प्रदेश में हर दिन जितने मरीज मिल रहे हैं उससे ज्यादा स्वस्थ हो रहे हैं। यही वजह है कि सक्रिय मरीजों की संख्या कम होने लगी है। 10 मई को मध्य प्रदेश में रिकॉर्ड 1 लाख 11 हजार 366 मरीज थे, शुक्रवार को यह आंकड़ा कम होते हुए 99,970 पर आ गया। शनिवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश में 68,504 सैंपल की जांच में 7571 मरीज मिले हैं।

## इंदौर में बैंकों की कर्ज वसूली पर 31 मई तक रोक




**इंदौर।** कोरोना महामारी से बुरी तरह प्रभावित इंदौर जिले में जनता कर्फ्यू बढ़ाया जाना लगभग तय है और ऐसे में अधिकांश व्यावसायिक गतिविधियां भी ठप हैं। इसी बीच जिला प्रशासन ने शनिवार को एक आदेश जारी कर बकायादारों से 31 मई तक बैंकों की बकाया कर्ज वसूली पर प्रतिबंध लगा दिया है। आवश्यक होने पर प्रशासन की अनुमति के बाद ही ऋण वसूली हो सकेगी। इस संबंध में अपर कलेक्टर पवन जैन ने धारा-144 के तहत आदेश जारी किया है। राष्ट्रीयकृत व निजी बैंकों द्वारा अधिकृत एजेंसियां वसूली के लिए बकायादारों को डरा-धमकाकर और अनाधिकृत रूप से बकाया वसूली करती हैं। कोरोना संक्रमण में हालात को ध्यान में रख प्रशासन ने वसूली रोकने का आदेश जारी किया है। एडीएम जैन ने आदेश में लिखा है लाकडाउन (जनता कर्फ्यू) के कारण आम आदमी पहले ही आर्थिक रूप से परेशानी में है। प्रशासन जनता कर्फ्यू का उचित तरीके से पालन कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। इसके तहत लगभग एक दर्जन पुलिस थाना क्षेत्रों में पुलिस ने 121 व्यक्तियों को बेवजह घूमते गिरफ्तार किया है। इन सबको गुजराती समाज धर्मशाला में बनी अस्थायी जेल में भेज दिया गया। शहर के निजी अस्पतालों द्वारा कोरोना मरीजों से कथित तौर पर अधिक शुल्क लेने की शिकायतों पर भी कार्रवाई कर रहा है।




# व्हाट्सएप निजता नीति की डेडलाइन खत्म, अब शुरू होंगे प्रतिबंध

**टेक डेस्क।** सोशल मैसेजिंग प्लेटफार्म व्हाट्सएप की नई निजता नीति स्वीकार करने की डेडलाइन शनिवार को खत्म हो गई। अब कंपनी अपनी यह मनमानी नीति स्वीकार नहीं करने वाले यूजर्स का अकाउंट सीधा डिलीट नहीं करते हुए उन पर सीमित प्रतिबंध लगाकर दबाव बनाएगी। सबसे पहले ऐसे यूजर्स की अपने व्हाट्सएप अकाउंट के जरिए ऑडियो या वीडियो कॉल करने या लेने की सुविधा बंद कर दी जाएगी। खास बात है कि फेसबुक इंक के मालिकाना हक वाली व्हाट्सएप की नई निजता नीति के खिलाफ भारत में हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में सुनवाई चल रही है। साथ ही भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग भी नीति की विस्तृत जांच के आदेश दे चुका है। जर्मनी ने भी 2 दिन पहले ही अपने यहां नई नीति को स्थगित करने का आदेश दिया है। इसके बावजूद फेसबुक इंक अपना रुख बदलने को तैयार नहीं दिख रहा है। हालांकि भारतीय अदालतों व एजेंसियों के सख्त रुख को देखकर उसने अब यूजर्स का अकाउंट सीधा डिलीट करने के बजाय धीरे-धीरे सेवाएं बंद करते हुए दबाव बनाने का तरीका अपनाया है। भारत में व्हाट्सएप के 53 करोड़ से ज्यादा यूजर हैं।




### हाईकोर्ट से कहा, ग्राहक को सेवा देने के लिए बाध्य नहीं

व्हाट्सएप ने शनिवार को दिल्ली हाईकोर्ट में अपनी नई निजता नीति का बचाव किया। कंपनी ने कहा कि वह अपनी नई नीति को मानने के लिए किसी ग्राहक पर दबाव नहीं बना रहा। कानूनी रूप से वह किसी ग्राहक को अपनी सेवा देने के लिए बाध्य नहीं है। ग्राहक चाहे तो उसका प्लेटफार्म छोड़ सकता है। उसकी नीति किसी व्यक्ति के निजी मामलों पर असर नहीं डालेगी।

## लखनऊ-अयोध्या हाइवे पर आग का गोला बनी बस, बाल-बाल बचे यात्री



**कानपुर।** लखनऊ-अयोध्या नेशनल हाइवे पर पटरंगा थाना क्षेत्र के बाकरपुर गांव के पास शनिवार रात लगभग 11.30 बजे एक डबल डेकर बस आग का गोला बन गई। हालांकि, ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से बच गया। यात्रियों ने बस से कूद कर जान बचाई। सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद सभी यात्रियों को पुलिस ने दूसरे वाहनों से रवाना कर दिया। बताया जा रहा है कि बस की एसी में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। इस समय बस में करीब 90 यात्री सवार थे। सभी यात्रियों को सुरक्षित बस से निकाला गया। बस जालंधर पंजाब से बिहार के पूर्णिया जा रही थी। आग तेजी से बस में फैलने से पहले ही सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।





कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किया आदेश

# जिले में अब 24 मई की सुबह 6 बजे तक कोरोना कर्फ्यू

कटनी। कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा ने गृह विभाग के निर्देशों एवं जिला क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप के सदस्यों से चर्चा तथा लिये गये निर्णयानुसार पूर्व में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में आंशिक संशोधन किया है। दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत संशोधित आदेश जारी किया गया है। जारी संशोधित प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत संपूर्ण कटनी जिले नगरीय एवं ग्रामीण में अब 24 मई की प्रात: 6 बजे तक कोरोना कर्फ्यू प्रभावशील किया गया है। इस दौरान समस्त प्रतिष्ठान बंद रहेंगें एवं सामान्य आवागमन प्रतिबंधित रहेगा, साथ ही समस्त व्यवसायिक प्रतिष्ठान भी बंद रहेंगे। समस्त सामाजिक, राजनैतिक, खेल, शैक्षणिक, धार्मिक मनोरंजन, वैवाहिक समारोह एवं अन्य बड़े जमावड़े को भी आदेश के तहत 31 मई तक पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। समस्त होटल, रेस्टोरेंट, शॉपिंग मॉल एवं समस्त शराब की दुकाने देशी, अंगेजी, बार, भांग एवं भांग घोटा की दुकान आदि पूर्णत: बंद रहेंगें। सार्वजनिक स्थलों पर थूकना, शराब, पान, गुटखा सेवन करना प्रतिबंधित रहेगा। समस्त शासकीय, आशासकीय कार्यालय, न्यायालय भी बंद रहेंगे।



### कोरोना कर्फ्यू के बंधनों से यह गतिविधियां रहेंगी मुक्त

इस आदेश के तहत लॉकडाउन अवधि में जिन गतिविधियों को कोरोना कर्फ्यू के बंधनो से मुक्त रखा गया है उनमें आदेश के तहत केन्द्र सरकार के ऐसे कार्यालय जो अत्यावश्यक सेवायें प्रदान नहीं करते हैं, ऐसे कार्यालय 10 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ कार्यालय संचालित किये जा सकते हैं। अत्यावश्यक सेवायें प्रदान करने वाले शासकीय कार्यालयों को छोड़कर शेष कार्यालय 10 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ संचालित किये जायेंगे। अत्यावश्यक सेवाओं में जिला कलेक्ट्रेट, पुलिस विभाग, जिला पंजीयनक/उप पंजीयक, आपदा प्रबंधन, फायर, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, जेल, राजस्व, पेयजल आपूर्ति, नगरीय प्रशासन, ग्रामीण विकास, विद्युत प्रदाय, सार्वजनिक परिवहन, कोषालय, कोविड ड्यूटी आदि सम्मिलित हैं। इसी प्रकार आईटी कंपनियों, बीपीओ/मोबाईल कंपनियों का सपोर्ट स्टाफएवं यूनिट्स को छोड़कर शेष निजी कार्यालय भी 10 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ ही अपना कार्य संपादित कर सकेंगे। 10 प्रतिशत कर्मचारियों की उपस्थिति के लिये निर्धारित कार्यालयों के संचालन में बंधन अनुसार शेष कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम कर सकेंगे। अन्य राज्यों एवं जिलों में माल तथा सेवाओं का आवागमन, अस्पताल, नर्सिंग होम, मेडिकल इंन्श्योरेन्स कम्पनीज, अन्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाओं को बंधनों से मुक्त रखा गया है। वहीं केमिस्ट, किराना दुकानें (केवल होम डिलेवरी के लिये), रेस्टॉरेन्ट (केवल टेक होम डिलेवरी के लिये), पेट्रोल पम्प, बैंक संस्थान एवं एटीएम को आदेश के तहत मुक्त रखा गया है।

### औद्योगिक इकाईयां और राशन दुकानें खुली रहेंगी

औद्योगिक इकाईयों के अधिकृत कर्मचारियों का आवागमन, जिन्हें जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा पहचान पत्र जारी किया गया हो, वे इस आदेश के तहत मुक्त रहेंगे। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानें खुली रहेंगी। परंतु कोविड गाईड लाईन का पालन (मास्क, हैण्ड सैनीटाईजर, सोशल डिस्टेन्सिंग) सुनिश्चित करना होगा। पात्र हितग्राहियों को तीन महीने का राशन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा। ग्राम पंचायतों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अपने क्षेत्रीय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/इंसीडेन्ट कमाण्डर के द्वारा अनुमति उपरांत ही मनरेगा के अन्तर्गत कार्य संचालित हों, अगर कार्य अवधि के दौरान कोई भी व्यक्ति कोविड संक्रमित पाया जाता है, तो कार्य तत्काल बंद कर दिया जायेगा। इसके साथ ही कृषि संबंधी सेवायें जैसे कृषि उपज मण्डी, पीडीएस की दुकानें, उपार्जन केन्द्र, खाद बीज, कीटनाशक दवायें, कस्टम हायरिंग सेन्टर्स और कृषि यंत्र की दुकानों को भी आदेश के तहत छूट प्रदान की गई है। परीक्षा केन्द्र आने एवं जाने वाले प्रशिक्षार्थी तथा परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा आयोजन से जुड़े कर्मी, अधिकारीगण इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे, परंतु उन्हें अपने साथ पहचान पत्र रखना अनिवार्य होगा।

### बायपास से निकलेंगे ट्रांसपोर्ट वाहन

इसी प्रकार अस्पताल, नर्सिंग होम और टीकाकरण हेतु आवागमन कर रहे नागरिक टोकन दिखाने पर तथा कर्मी इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे, परंतु संबंधित को अपने साथ पहचान पत्र रखना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार अन्य राज्यों से राष्ट्रीय राजमार्ग, स्टेट हाईवे से माल, सेवाओं का आवागमन बायपास से होते हुये परिवहन, लोडिंग व अनलोडिंग कार्य में छूट रहेगी। रेल्वे स्टेशन से आवागमन का प्रबंध इस रीति अनुसार किया जायेगा जैसा कि जिला परिवहन अधिकारी द्वारा नियत किया जायेगा। मेडिकल इमरजेन्सी हेतु आवागमन एंबुलेन्स, फायर ब्रिगेड सेवायें एवं शव वाहन, इस प्रतिबंधात्म्क आदेश से मुक्त रहेंगे। इस आदेश के तहत सब्जी, फल विक्रेता के थोक एवं फुटकर व्यापार, दूध की व्यवस्था के लिये आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी को अधिकृत किया गया है। इस संबंध में पृथक से आदेश जारी किया जायेगा। समस्त गैस एजेंसियां अपने निर्धारित समय पर खुली रहेंगी। गोडाउन से गैस का वितरण नही किया जायेगा। गोडाउन से गैस की होम डिलेवरी किये जाने की छूट रहेगी। प्लांट से गोडाउन तक पहुचने हेतु उपयोग में आने वाले वाहनों को आने जाने छूट रहेगी।

### धार्मिक स्थलों पर 5 लोगों के साथ ही की जा सकेगी पूजा पाठ

जिले में धार्मिक स्थलों पर आमजन का आना जाना प्रतिबंधित होगा। मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरूद्वारा आदि की समिति के पुजारी, मौलवी, पादरी, ज्ञानीजी 5 की संख्या से कम द्वारा पूजा पाठ की जा सकेगी। शराब की दुकानों देशी, अंग्रेजी बार, भांग एवं भांग घोंटा की दुकान के संचालन के संबंध में पृथक से निर्देश प्रसारित किये जायेंगे। अन्य विशेष परिस्थितियों में अनुमति हेतु क्षेत्राधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/इंसीडेंट कमाण्डर को अधिकृत किया गया है। समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, थाना प्रभारी, नगर पालिक निगम, सोशल डिस्टेंसिंग प्रणाली को दुकानो एवं अन्य संस्थानो में सुनिश्चित करने हेतु अपने स्तर से दल गठित कर सतत निगरानी रखेंगे एवं पालन न करने पर संबंधित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। इस आदेश के उल्लंघन पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से धारा 60 के तहत यथास्थिति दाण्डिक एवं अभियोजन की कार्यवाही की जायेगी। इस आदेश का पालन कराने के लिये समस्त कार्यपालक दण्डाधिकारी, सहायक उपनिरीक्षक अथवा उससें वरिष्ठ पुलिस कर्मी, समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी/नगर पंचायत एवं नगर निगम के सहायक आयुक्त अथवा इससे वरिष्ठ अधिकारी दण्ड अधिरोपित करने एवं दण्ड की राशि वसूलने हेतु अधिकृत होंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

## ग्रामीणों को कर रहे जागरुक वेक्सीनेशन में दे रहे सहयोग

**कटनी।** कोरोना की इस लड़ाई में जहां शासन-प्रशासन हर स्तर पर इससे निपटने प्रयासरत है। साथ ही इस कार्य में जनसहभागिता के माध्यम से भी अलग-अलग स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। जिले के सामाजिक, व्यापारिक, स्वयंसेवी संगठन भी आगे आकर अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भी आगे बढ़कर ग्राम स्तरों पर विभिन्न जनजागरुकता की गतिविधयों का संचालन कर कोविड महामारी के प्रति ग्रामीणों का जागरुकर करने का कार्य कर रही है। जिले के बड़वारा विकासखण्ड के ग्राम बिचपुरा से ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष एवं सीएमसीएलडीपी स्टूडेंट रविशंकर द्वारा भी निरंतर कोरोना महामारी रोकथाम हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। उनके इस प्रयास से बिचपुरा ग्राम में 600 का वैक्सीनेशन का टारगेट लेकर 400 लाभार्थियों का वेक्सीनेशन कार्य कराने में सहयोग दिया है। इसके साथ ही वे हितग्राहियों को वैक्सीनेशन सेंटर में पहुंचाने तक का कार्य व उन्हें पुनः उनके ग्रह तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। रविशंकर ने बताया कि प्रयास जारी हैं। वेक्सीनेशन कार्य के साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा संचालित किल कोरोना अभियान को लेकर रविशंकर सक्रियता के साथ कार्य में जुटे हुये हैं। वे सतत् रुप से अभियान के तहत प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। वे दलों के साथ घरों में पहुंचकर जानकारी एकत्र करने में मदद कर रहे हैं कि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार से सर्दी जुकाम या अन्य किसी बीमारी से ग्रसित ना हो। उन्होने जनजागरुकता के माध्यम से वैक्सीनेशन को लेकर फेल रही भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास प्रचार-प्रसार व दीवार लेखन स्लोगन के माध्यम से किया है। समाजसेव के क्षेत्र में सतत् रुप से विगत कई वर्षों से सक्रिय हैं।





## शनिवार को एक दिन में 2 हजार को लगा टीका

**कटनी।** शनिवार को जिले में निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों में कोविड-19 का वेक्सीनेशन कार्य किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी जिले में 15 मई को कुल 2080 लाभार्थियों का वेक्सीनेशन किया गया है। 45 वर्ष व उससे अधिक आयु के 215 व्यक्तियों को फर्स्ट डोज तथा 715 को सेकेण्ड डोज का वेक्सीन लगाया गया है। इसी प्रकार सीनियर सिटिजन्स में 60 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के 72 लाभार्थियों को फर्स्ट डोज तथा 386 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया गया है। वहीं 1 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 वेक्सीनेशन किया गया है। साथ ही 4 फ्रंटलाईन वर्कर्स को फर्स्ट डोज तथा 7 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 टीका लगाया गया है। इसके साथ ही 18 से 44 आयुवर्ग के लाभार्थियों में 680 को कोविड-19 वेक्सीन का फर्स्ट डोज भी लगाया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी ने अपील की है कि जिन लोगों के द्वारा टीकाकरण के लिये ऑनलाईन पंजीयन के माध्यम से स्लॉट बुक किया जाता है, यदि वे किन्ही कारणों से वेक्सीनेशन के लिये नहीं आ पा रहे हैं, तो वे बुक किये हुये स्लॉट को कैंसिंल कर दें। ताकि उस स्लॉट पर किसी अन्य व्यक्ति का वेक्सीनेशन किया जा सके।

## कटनी नदी के गाटरघाट में पहुंची दूसरी पोकलीन मशीन



**कटनी।** नगर निगम द्वारा कटनी नदी की सफाई एवं जल स्त्रोतों को पुर्नजीवित करनें हेतु जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा द्वारा माईनिंग विभाग के माध्यम से पोकलीन मशीन उपलब्ध कराई जा रही है। नगर निगम जल प्रदाय विभाग के सहायक यंत्री शैलेष जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन व नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे नदी सफाई अभियान के तहत कटाये घाट की सफाई हेतु प्रदाय की गई पहली मशीन को नदी पर उतारनें हेतु एनीकट स्थित मंदिर के सामनें रैप निर्माण की कार्यवाही लगभग पूर्ण की जा चुकी है। अतिशीध्र ही कटायेघाट में पोकीन मशीन उतारी जाकर सफाई का कार्य प्रारंभ किया जायेगा। नगर के अन्य घाटों की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देशन में शनिवार को कटनी नदी के गाटर घाट व आसपास के अन्य घाटों की सफाई हेतु माईनिंग विभाग द्वारा दूसरी पोकलीन मशीन उपलब्ध करा दी गई है। इस पोकलीन मशीन के माध्यम से गाटर घाट से मोहन घाट तक नदी की सफाई का कार्य निगम प्रशासन के माध्यम से कराया जायेगा।

### पहली पोकलिप मशीन से कटाएघाट नदी की सफाई के लिए बनाया गया रैंप

यश भारत
नये ज़माने के साथ...

# सिटी न्यूज

कटनी, रविवार, 16 मई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## संक्षिप्त समाचार

### एसीसी, एवरेस्ट, और अमेहटा में निर्माणाधीन प्लान्ट क्षेत्र माईक्रो कंटेनमेन्ट जोन घोषित

**कटनी।** इंसीडेन्ट कमाण्डर एवं उप खण्ड मजिस्ट्रेट विजयराघवगढ़, बरही प्रिया चन्द्रावत द्वारा आदेश जारी करते हुये एसीसी सीमेन्ट वर्क्स कैमोर, एसीसी अमेहटा एवं एवरेस्ट कम्पनी लिमिटेड कैमोर में घोषित किये गये माईक्रो कंटेनमेन्ट की अवधि को आगामी आदेश तक के लिये बढ़ा दिया गया है। वर्तमान में उपखण्ड में कोविड-19 की रोकथाम के लिये संबंधित क्षेत्रों में माईक्रो कंटेन्मेन्ट की अवधि बढ़ाई गई है। यह आदेश पब्लिक हेल्थ एक्ट 1949 के तहत एसडीएम विजयराघवगढ़ द्वारा जारी किया गया है। आदेश के तहत एसीसी प्लान्ट कैमोर का संपूर्ण क्षेत्र, एवरेन्ट प्लान्ट कैमोर का संपूर्ण क्षेत्र तथा ग्राम अमेहटा एसीसी का निर्माणाधीन प्लान्ट का संपूणर्ण क्षेत्र एपी एवं माईक्र कंटेनमेन्ट जोन में शामिल किया गया है।

### श्रीमती उर्मिला तिवारी का निधन

**कटनी।** केन्द्रीय भंडार गृह कटनी में कार्यरत स्व. जय कुमार तिवारी की धर्मपत्नी एवं ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के प्रदेश संयोजक अवनीश तिवारी, कोल माइंस में कार्यरत आशीष तिवारी एवं अभिषेक तिवारी की माता जी श्रीमती उर्मिला तिवारी का विगत 14 मई को



आकस्मिक देहावसान हो गया। वे 58 वर्ष की थीं और महावीर कॉलोनी, झिंझरी निवासरत थीं। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गईं। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 मई को स्लीमनाबाद के पास गृहग्राम सिहुड़ी में परिजनों, रिश्तेदारों, स्नेहीजनों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। अंतिम संस्कार के पश्चात आयोजित शोकसभा में उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन धारण करते हुए परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं तिवारी परिवार पर आए असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### अनुकम्पा नियुक्ति के नियमों को शिथिल करने की मांग

**कटनी।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री ओमप्रकाश सोनी एवं जिला अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री ओम प्रकाश सोनी, जिलाध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी, कार्यकार अध्यक्ष अनिल मिश्रा, जिला सचिव धीरेन्द्र सिंह, जिला कोषाध्यक्ष के पी मिश्रा ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के मुख्यमंत्री द्वारा कोरोना से मृत लोगों के आश्रितों को रुपये 5 हजार रूपए प्रतिमाह पेंशन तथा उनके बच्चों को शिक्षा, मुफ्त राशन, बगैर ब्याज ऋण देने के निर्णय को ऐतिहासिक बताया है। संघ के पदाधिकारियों ने मप्र राज्य कर्मचारी संघ की प्रदेश शाखा की ओर ज्ञापन भेजकर कोरोना से मृत शिक्षकों, अध्यापकों एवं कर्मचारियों के आश्रितों को भी इसी तरह अनुकम्पा नियुक्ति दिये जाने हेतु समस्त जटिल नियमों को शिथिल करने की मांग की है।

# कटनी और विजयराघवगढ़ में लगेंगे ऑक्सीजन प्लान्ट

## ब्लैक फंगस से निपटने अभी से की जाएं तैयारियां, वर्चुअल माध्यम से हुई जिला आपदा प्रबंधन समूह की बैठक

**कटनी। कोरोना हारेगा, कटनी जीतेगा। हमें इस सूत्र वाक्य को सार्थक करना है। इस दिशा में शासन-प्रशासन मिलकर काम कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना की इस लड़ाई में हमारे सरपंच, सचिव, जीआरएस यही हमारे ब्राण्ड एम्बेस्डर हैं। कटनी के लिये एक ऑक्सीजन प्लान्ट और डीआरडीओ द्वारा विजयराघवगढ़ के लिये भी एक ऑक्सीजन प्लान्ट स्वीकृत हुआ है। ये ऑक्सीजन प्लान्ट शीघ्र ही स्थापित होंगे। यह बात भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद व्ही डी शर्मा ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से आयोजित जिला, विकासखण्ड एवं ग्रामस्तर पर गठित आपदा प्रबंधन समूह की बैठक में कही।**

### सभी के सहयोग से जीतेंगे कोरोना से जंग

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद श्री शर्मा ने कहा कि यह समय सबके सहयोग से कोरोना से इस जंग को जीतने का है। सभी लोग मिलकर इस लड़ाई को लड़ें। हम अपने घर को कोरोना मुक्त बनायें। इससे ही हमारा मोहल्ला और इसी उद्देश्य के साथ कार्य करने पर हमारा गांव कोरोना मुक्त बनेगा। उन्होने जनता कर्फ्यू का स्वयं अनुशासन के साथ पालन करने की बात पर भी जोर दिया। वर्चुअल बैठक में कोविड-19 के लिये जिले के प्रभारी एवं प्रदेश के श्रम एवं खनिज साधन मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक संदीप जायसवाल, विधायक प्रणय प्रभात पाण्डे, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी सहित अन्य समिति के अशासकीय एवं शासकीय सदस्य भी शामिल हुये।

### जिले में पॉजीटिविटी रेट कम होने पर सांसद ने की सराहना

वर्चुअल मीट में सांसद श्री शर्मा ने जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जिले में पॉजीटिविटी रेट कम होने पर सक्रियता से किये गये कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि लेकिन हमें अभी भी सतर्क रहना है और मुस्तैदी से काम करना है। हम सभी मानवता की सेवा में लगे हुये हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने की दिशा में प्रशासन काम करे। ग्रामीण क्षेत्रों में फोकस करने के निर्देश वर्चुअल मीट में सांसद श्री शर्मा ने दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार गांव स्तर पर भी क्राईसिस मैनेजमेन्ट की समिति बनाई गई है। जिले से लेकर गांव तक की समिति के सभी सदस्यों को सकारात्मक रुप से सक्रियता से काम करना होगा। यह अच्छी खबर है कि हमारी गांवस्तर की टीमें अपने गांव को कोरोना मुक्त बनाने में जुटी हुई हैं।




कई गांवों ने स्वेच्छा से जनता कर्फ्यू का पालन किया है। श्री शर्मा ने कहा कि यह जान लें कि जब हमारे गांव कोरोना मुक्त होंगे, तभी कटनी कोरोना मुक्त होगा और तब ही प्रदेश भी कोरोना मुक्त हो पायेगा। राज्य शासन द्वारा कोविड में अपनों को खो चुके लोगों के लिये लिये गये महत्वपूर्ण निर्णयों, आयुष्मान भारत के तहत उपचार की योजना, पात्रों को निःशुल्क राशन वितरण, दवाई वितरण की जानकारी, जनजागरुकता के साथ गांव-गांव तक पहुंचे। किल कोरोना अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन जिले में हो, यह सुनिश्चित करें।

### विधायकों ने भी दिए सुझाव, जनजागरुकता लाने के लिए चलाएं अवेयरनेस कैम्पेन

कोविड-19 वैक्सीनेशन के प्रति भी जनजागरुकता लाने के लिये अवेयरनेस कैम्पेन चलाने के निर्देश सांसद श्री शर्मा ने दिये। उन्होने कहा कि हमने वैक्सीनेशन को प्रमोट करने के लिये जागरुकता रथ भी चलाया है। वैक्सीनेशन के लाभ की जानकारी जन-जन तक पहुंचायें। वर्चुअल मीट को मंत्री श्री सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन की टीम ने बेहतर काम किया है। अब हमारी क्राईसिस मैनेजमेन्ट टीम के सामने ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना नियंत्रण का बड़ा चैलेन्ज है। हमें अपने ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केन्द्रों को मजबूत करना है। ब्लैक फंगस के उपचार के तैयारियों में भी हम जुटें। जैसा कि विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना की थर्ड वेब बच्चों के लिये नुकसानदायक होगी। इसलिये हमें अभी से अपनी तैयारियां पूरी करनी होंगी। मंत्री श्री सिंह ने वैक्सीनेशन के कार्य में सबको जुटकर कार्य करने के निर्देश दिये। वर्चुअल मीट में विधायक श्री पाठक, विधायक श्री जायसवाल, विधायक श्री पाण्डेय ने भी अपने सुझाव दिये। साथ ही कोरोना की रोकथाम को लेकर किये जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, निर्वतमान महापौर शशांक श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी ने भी वर्चुअल मीट में अपनी बात रखी।

### रेमडेसिविर इंजेक्शन की उपलब्धता बनाने के निर्देश

वर्चुअल मीट के प्रारंभ में कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिला प्रशासन द्वारा कोरोना नियंत्रण को लेकर किये जा रहे कार्यों के विषय में जानकारी दी। उन्होने बताया कि जिले में वर्तमान में ऑक्सीजन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सांसद श्री शर्मा के मार्गदर्शन में रेमडेसिविर इंजेक्शन की उपलब्धता बनी रही है। ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर मशीन उपलब्ध कराने के लिये उन्होंने सांसद श्री शर्मा का आभार व्यक्त किया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को चिकित्सीय रुप से सशक्त बनाने की दिशा में किये जा रहे कार्यों की जानकारी भी उन्होने दी। ई-मीट में जिला पंचायत की प्रधान ममता पटेल, सभी जनपदों की प्रधान, ग्राम पंचायतों के प्रधान, सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे, अपर कलेक्टर रोहित सिसोनिया सहित सभी ग्राम पंचायतों के सचिव, जीआरएस एवं अन्य विभागों के अधिकारी भी शामिल हुये।

# बहोरीबंद में 20 बिस्तर क्षमता के सर्वसुविधायुक्त हॉल का निर्माण

### बहोरीबंद विधायक की पहल, आवश्यक कार्यवाही के लिये कलेक्टर को लिखा पत्र

**कटनी।** बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। विधायक श्री पाण्डेय ने स्वयं के व्यय से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद में 20 बिस्तरों के लिये एक हॉल के निर्माण कराकर शासन को समर्पित करने का संकल्प लिया है। इस संबंध में विधायक श्री पाण्डेय ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को पत्र भी लिखा है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को लिखे गये पत्र में विधायक श्री पाण्डेय ने कहा है कि मेरे पिता स्वर्गीय प्रभात पाण्डेय की स्मृति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद में स्वयं के



व्यय पर बीस बिस्तरों की क्षमता वाला एक हॉल बनाकर शासन को अर्पित करने का संकल्प लिया है। यह निर्माण कार्य अतिशीघ्र करना है, इस हेतु उचित कार्यवाही एवं दिशा-निर्देश हेतु पत्र प्रेषित है।

# रोगियों की पहचान कर दिया जा रहा चिकित्सकीय परामर्श

### किल कोरोना अभियान, कलेक्टर ने लिया जायजा

**कटनी।** प्रदेशभर में कोविड संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये अधिक से अधिक जनसंख्या तक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिये किल कोरोना अभियान-3 संचालित है। इस अभियान के तहत गठित दलों द्वारा घर-घर पहुंचकर परिवार में सर्दी, खांसी, बुखार के लक्षणयुक्त रोगियों की पहचान की जा रही है। साथ ही उन्हें प्राथमिक उपचार एवं कोविड-19 के सर्विलांस की कार्यवाही भी मैदानीस्तर पर जारी है। जिले में भी यह अभियान 25



मई तक संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर किल कोरोना अभियान-3 का जायजा लिया। विजिट के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा रीठी विकासखण्ड के ग्राम देवगांव, बिलहरी पहुंचे। जहां उन्होने अभियान के तहत दलों द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अभियान के तहत की जा रही कार्यवाही का क्रॉस चैक भी ग्रामीणों से चर्चा के दौरान लिया। उन्होने इस कार्य में संलग्न अमले से भी चर्चा की। श्री मिश्रा ने अभियान के संचालन के संबंध में दल को जारी निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। इस दौरान विजिट में एसडीएम बलबीर रमन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# कोरोना वॉरियर्स के रूप में सेवा दे रहे भाजपा कार्यकर्ता

## सातवें दिन सांसद कोविड सहायता केंद्र से बांटे भोजन के पैकेट, काढा एवं गर्म पानी




**कटनी।** शासकीय जिला चिकित्सालय पर सांसद कोविड सहायता केंद्र के माध्यम से सातवें दिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जरूरतमंदों की सहायता की एवं उन्हें भोजन के पैकेट इत्यादि वितरित किए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता कोरोना वारियर्स के रूप में कार्य कर रहे हैं, भाजपा के कार्यकर्ता संगठन ही सेवा है इस भावना को लेकर दिन रात नागरिकों की सेवा में लगे हुए हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के निरंतर मार्गदर्शन में सांसद कोविड सहायता केंद्र के माध्यम से आज सातवें दिन कोविड पीड़ितों एवं उनके परिजनों को भोजन के पैकेट, गर्म पानी, आयुष का त्रिकुट काढ़ा, सादा जल, मास्क, सेनेटाइजर, बिस्किट आदि वितरित किये गए। इस दौरान जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, चेतन हिंदुजा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, राजेश भास्कर, पप्पा मिश्रा, छुट्टू मिश्रा, ललित गुप्ता, शिवम शर्मा, सुनील डोडानी, अहमद बख्श, संतोष पटेल, सोनू बहरे, मनीष त्रिसोलिया, आशीष मिश्रा, अभिषेक शर्मा,नवीन मोटवानी, विवेक गुप्ता, विमल साहू, विष्णुशंकर मिश्रा,नाजू खान, दीपक तिवारी, मनोज गोस्वामी, अज्जू रावत, मंगल तिवारी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जरूरतमंदों के काम आ रहा भाजपा का सांसद सहायता केंद्र

कोविड के इस संकट काल में भाजपा द्वारा सेवा ही संगठन अभियान के द्वारा लगातार जरूरतमंदों की मदद की जा रही है। किसी को काढ़े की जरूरत तो कोई गर्म पानी ले रहा, कई लोग भोजन के पैकेट पाकर राहत में हैं तो वहीं कुछ पीड़ित दवाओं को लेकर सांसद सहायता केंद्र पहुंच रहे हैं। लोगों की हर सम्भव मदद की जा रही है। सेवा की इसी कड़ी में कोविड सहायता केंद्र के माध्यम से भाजपा जिलाध्यक्ष ने अमीरगंज निवासी 75 वर्षीय कोविड पीड़ित विजय तिवारी को जिला अस्पताल में मेरोपेनम इंजेक्शन उपलब्ध न होने के कारण उनके परिजनो को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था, जिस पर उनके परिजनों ने सांसद सहायता केंद्र में भाजपा जिलाध्यक्ष से व्यथा बताई। जिलाध्यक्ष ने बाजार से खरीदकर कर 6 इंजेक्शन उपलब्ध कराए, जिससे उनका इलाज संभव हो सका। परिजनों ने इस राहत पर सांसद विष्णुदत्त शर्मा, जिलाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केवल भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जो संकट के समय आमजन के साथ खड़ी है। जमीनी स्तर पर भाजपा की सेवा दिख रही है। जिला अस्पताल में भाजपा द्वारा सांसद सहायता केंद्र बनाया गया है, जहां लोगों को भोजन के पैकेट, गर्म पानी, बिस्किट, काढ़ा तथा सादा जल इत्यादि उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस दौरान जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, चेतन हिंदुजा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, राजेश भास्कर, पप्पा मिश्रा, छुट्टू मिश्रा, ललित गुप्ता, शिवम शर्मा, सुनील डोडानी, अहमद बख्श, संतोष पटेल, सोनू बहरे, मनीष त्रिसोलिया, आशीष मिश्रा, अभिषेक शर्मा,नवीन मोटवानी, विवेक गुप्ता, विमल साहू, विष्णुशंकर मिश्रा,नाजू खान, दीपक तिवारी, मनोज गोस्वामी, अज्जू रावत, मंगल तिवारी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मरीजों को उपलब्ध कराए जीवन रक्षक इंजेक्शन

**किराये से देना है**
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड
बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# टाक्टे के असर से बारिश होने के आसार

## चक्रवात में बदला तूफान, 18-19 मई को पूरे तेज हवाओं के साथ पड़ सकती है बौछार

**कटनी।** अरब सागर में बन रहा चक्रवाती तूफान टाक्टे अवदाब के क्षेत्र से अब चक्रवात के रूप में बदल गया है। मौसम विभाग के मुताबिक इस सिस्टम के लगभग 24 घंटे समुद्र में रहकर काफी ऊर्जा जुटाने के बाद इस उत्तर, उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। 16 मई को इसके गुजरात के तट पर टकराने के आसार दिख रहे हैं। इसके प्रभाव से गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का सिलसिला शुरू हो सकता है। 18-19 मई को तेज हवाएं चलने के साथ बरसात हो सकती है।



### एक साथ सक्रिय हैं पांच वेदर सिस्टम

मौसम विभाग ने बताया कि अरब सागर में बने तूफान के अलावा पांच वेदर सिस्टम भी सक्रिय हैं। वर्तमान में पाकिस्तान पर एक ऊपरी हवा का चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात से उत्तरप्रदेश तक एक द्रोणिका लाइन (ट्रफ)बनी हुई है। विदर्भ पर भी एक ऊपरी हवा का चक्रवात बना हुआ है। साथ ही अरब सागर में उठ रहे तूफान के कारण मची हलचल से वातावरण में लगातार मिल रही नमी से कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं।

### बादलों ने बढाई उमस, रात में महसूस हुई बैचेनी

मौसम में आये बदलाव के कारण शनिवार की शाम भी बादल तो आये लेकिन तेज हवा उन्हें अपने साथ उडा कर ले गई। इसके बाद उमस बढते ही रात में बैचेनी महसूस हुई। वहीं सुबह से एक बार फिर सूरज ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिये। दोपहर होने से पहले ही तपन इतनी अधिक बढ गई कि बाहर निकलना मुश्किल हो रहा था। सुबह साढे आठ बजे ही पारा 32 के पार दर्ज हुआ जिसके बाद अनुमान लगाया जा रहा है कि शाम तक पारा पिछले आठ.दस दिन का रिकार्ड तोडकर 42 के पार पहुंच सकता है। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ का असर अभी खत्म नहीं हुआ है इसलिए शाम तक एक बार फिर तेज हवाओं के साथ बादल छा सकते हैं। इस दौरान हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना भी व्यक्त की जा रही है। हालांकि लगातार बादल, बारिश के बाद कम हुई गर्मी ने धीरे-धीरे अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। खासतौर से दोपहर 12 से 4 के बीच तो तपन इतनी अधिक होती है कि सड़के सुनसान नजर आने लगी हैं। हालांकि लाकडाउन के कारण बाहर निकलना प्रतिबंधित है इसके बावजूद जरूर काम से बाहर जाने वाले सुबह और शाम को ही घर से निकलना पसंद कर रहे हैं लेकिन तपन बढने के बाद भी अभी तक लू ने अपना असर दिखाना शुरू नहीं किया है। दक्षिण की ओर से आ रही गर्म हवाओं की वजह से सिर्फ गर्मी बढी है। शहर में अभी तक लपट शुरू नहीं हो पायी। मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाडी में एक और सिस्टम तैयार हो रहा है जिसके कारण अगले दो-तीन दिन में फिर से मौसम के मिजाज बिगड़ सकता है।



# कोविड केयर सेंटर को दिए एक कन्सन्ट्रेटर मशीन और 3 ऑक्सीजन सिलेंडर

### कटनी फोटोग्राफर्स एसोसिएशन की सराहनीय पहल

**कटनी।** सरस्वती विद्यालय नई बस्ती में स्थापित सेवा भारती कोविड केयर एवं आइसोलेशन सेंटर में कटनी फोटोग्राफर एसोसियेशन द्वारा एक ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर मशीन और 3 ऑक्सीजन सिलेंडर सेवा के लिए दिए गए। एसोसिएशन के संरक्षक मंडल सुनील जैन, श्रीप्रकाश जायसवा, अशोक चौरसिया तथा कार्यकारिणी से प्रशांत पचौरी पूर्व अध्यक्ष, संजय सिंह कार्यकारी अध्यक्ष, शरद विश्वकर्मा, कार्यकारी उपाध्यक्ष, सुमित श्रीवास्तव कार्यकारी सचिव, महेश रोचलानी कार्यकारी कोषाध्यक्ष, भावेश चौरसिया, पूर्व उपाध्यक्ष, शाशांक जैन टीपु, मंटु मिश्रा एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही। एसोसिएशन द्वारा सेवा भारती के अध्यक्ष डॉ अमित साहू एवं दीपक टंडन, किशोर ओचानी, आशीष गुप्ता लालचंद थारवानी, राजेश निषाद, निलेश विश्वकर्मा, राजकुमार असरानी को इस कोरोना महामारी के काल में भी निरंतर सेवा कार्य करने के लिए धन्यवाद भी दिया गया।

# 5 स्थलों पर की गई माइक्रो कंटेनमेंट जोन की कार्यवाही

**कटनी।** कोविड - 19 के बढते संक्रमण की रोकथाम एवं सुरक्षा की दृष्टि से निगम सीमान्तर्गत कोविड पाजीटिव पाये जाने पर उक्त क्षेत्र/भवन को माईक्रो कंटेनटमेन्ट जोन चिन्हित किये जाकर साफसफाई, कीटनाशक दवा के छिड़काव सहित सैनेटाइजेशन की कार्यवाही निरंतर जारी है। कोविड संक्रमण के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्रीय उपयंत्रियों से संकलित कर विभाग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार आज जगजीवन राम वार्ड स्थित शुक्ला आटा चक्की के पास, रामजानकी हनुमान वार्ड स्थित ब्रम्हकुमारी आश्रम के सामने रोशन नगर, तथा सांईपुरम कॉलोनी में, रधुनाथ गंज वार्ड स्थित गहोई धर्मशाला के सामनें, अंबेडकर वार्ड स्थित गायत्री स्कूल के पास गायत्री नगर आदि स्थलों पर माइक्रों कंटेनमेंट जोन के बेनर लगाकर अन्य आवश्यक कार्यवाही की गई।




# माधवनगर की चिन्हित सब्जी मंडी में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने पर हुई चालानी कार्यवाही





**कटनी।** कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन मे कोरोना संक्रमण से बचाव एवं नागरकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए रोजाना थोक एवं फुटकर सब्जी मंडी स्थलों की सफाई की जाकर सोशल डिस्टेंसिंग के साथ प्रातः 10 बजे तक सब्जी,फल व्यवसाय का संचालन कराया जा रहा है। अतिक्रमण प्रमारी नें जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना संक्रमण की चैन को तोडनें हेतु रोजाना नगर का प्रातःकालीन निरीक्षण किया जाकर एक स्थल पर बैठकर व्यवसाय करने वालों की दुकानों को बंद कराने तथा नागरिकों की सुविधा हेतु ठेलों पर सामग्री रखकर नगर के विभिन्न वार्डो की गलियों में प्रातः 10 बजे घूमकर व्यवसाय करानें की कार्यवाही की जा रही है। कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु आज माधवनगर सब्जी मंडी में दो लोगों के द्वारा मास्क का उपयोग न करने पर चालानी कार्यवाही कर मास्क लगाकर स्वयं को सुरक्षित रखने की समझाईश दी गई। संक्रमण के प्रति जागरूकता हेत सब्जी,फल मंडी स्थलों में निगम वाहनों द्वारा उद्घोषणा कराते हुये मास्क पहनने एवं दो गज की दूरी बनाने की अपील की जा रही है।

# अक्षय तृतीया पर्व पर बच्चों में दिखा उत्साह

### दिगंबर जैन समाज ने घर-घर में मनाया पर्व

**कटनी।** अक्षय तृतीया के अवसर पर दिगंबर जैन समाज द्वारा घर-घर में अक्षय तृतीया पर्व मनाया गया, जिस पर समस्त जैन समाज के विशेषकर बच्चों के द्वारा पड़गाहन विधि की रचना की गई। जैसा कि विदित है कि वैशाख शुक्ल तृतीया के दिन ही प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान को इच्छुरस का प्रथम आहार मिला था, जिस वजह से इस तिथि का नाम अक्षय तृतीया पर रखा गया। सारे भारत वर्ष में यह पर्व बड़े हर्षोल्लास के मनाया जाता है और कटनी जैन समाज ने भी कोरोना काल के चलते यह पर्व अपने-अपने घरों में रह कर मनाया, साथ ही विश्व में फैली हुई महामारी से सभी जीवों को छुटकारा मिले एवं औषधि का लाभ सभी प्राणी मात्र को मिले।



# गोलबाजार में खोवा तो माधवनगर में खुली थी किराना दुकान






### पुलिस और प्रशासन की दबिश, दुकानदारों पर कार्यवाही, वसूला जुर्माना

**कटनी।** जिले में एक तरफ कोरोना कर्फ्यू के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है और जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा शहर और ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। अधिकारियों की टीम द्वारा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए कार्यवाही की जा रही है। लेकिन शहर के अंदरूनी मार्गों और गलियों में खुलेआम नियमों की अव्हेलना कर हो रहे व्यापार पर अंकुश लगाने की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के मुताबिक कटनी तहसीलदार मुनव्वर खान आज सुबह पुलिस, नगर निगम और राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ गोलबाजार क्षेत्र में दबिश दी और नियमों का उल्लंघन करने वाले तीन दुकानदारों पर कार्यवाही की। बताया जाता है कि यहां गुप्ता खोवा गोलबाजार, निखिल अग्रवाल और राजेश डोडवानी पर 5-5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव ने उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में दो दुकानों पर कार्यवाही की। जिसमे पंजाब किराना स्टोर एवं राधाकृष्ण किराना स्टोर पर 5-5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी कार्यवाही की जा रही है। पहाड़ी क्षेत्र के ग्राम सलैया में नियमों का उल्लंघन करने पर संतोष किराना स्टोर्स पर 5 हजार का जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह शहजाद मोबाइल स्टोर को नियमों के उल्लंघन पर सील करते हुए धारा 188 के तहत कार्यवाही की गई है। नायब तहसीलदार प्रियंका नेताम ने रीठी की दो दुकानों पर कार्यवाही करते हुए दो-दो हजार रूपए का जुर्माना वसूल किया गया है। बताया जाता है कि नायब तहसीलदार यहां पहुंची तो राज श्री जनरल स्टोर एवं तिवारी किराना स्टोर की शटर खुली हुई थी, जिस पर प्रशासन ने कार्यवाही की। कुठला पुलिस और राजस्व की टीम ने नदीपार स्थित नायक हार्डवेयर में दबिश देकर 5 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है।

# जिला चिकित्सालय में मरीजों को बांटे भोजन के पैकेट

**कटनी।** सेवा भारती कटनी के तत्वाधान में 23वे दिन कोरोना महामारी के इस दौर में सेवा कार्य को निरंतर जारी रखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा शासकीय जिला चिकित्सालय में मरीजों के परिजनों तथा अन्य बंधुओं को भोजन पैकेट, काढा, गरम पानी एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित करने का कार्य जारी है।15 मई के इस सेवा कार्य में किशोर ओचानी, राजेश सिंघई, अजय शर्मा, दिनेश गुप्ता, आयुष बर्मन, सतीश गुप्ता आदि स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे। इसके साथ ही सेवा भारती के स्वयंसेवकों के द्वारा हेल्पलाइन नंबर पर आने वाले फोन कॉल पर आवश्यकतानुसार, कोविड अनुशासन का पालन करते हुए दवाइयां एवं भोजन घर पर भी पहुंचाया जा रहा है, साथ ही शिशु मंदिर कटनी में कोविड केयर सेंटर के माध्यम से कोरोना मरीजों के स्वास्थ्य की देखभाल में मदद भी की जा रही है।




# कोविड सहायता केन्द्रों में की जा रही मरीजों की जांच

**कटनी।** कोरोना संक्रमण को लेकर नगर में चलाये जा रहे किल कोरोना अभियान के तहत निगम के चारों जोन कार्यालयों में कोविड सहायता केन्द्रों की स्थापना की जाकर सर्दी, खांसी एवं बुखार के मरीजों की प्राथमिक जांच की जाकर दवा का वितरण किया जा रहा है। जिला कलेक्टर प्रियंक



मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में चिकित्सकों व महिला एवं बाल विकास एवं निगम कर्मचारी के अधिकारियों, कर्मचारियों के समन्वय से किल कोरोना अभियान सत्त रूप से चल रहा है। नागरिकों की सुविधा को देखते रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा रोजाना कोविड सहायता केन्द्रों में साफ सफाई एवं सैनेटाइजेशन का कार्य कराया जा रहा है। नगारिकगण कोविड सहायता केन्द्रों का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सके इस हेतु निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा वार्डो की विभिन्न गलियों में मुनादी का कार्य कराया जाकर सर्दी, खॉसी एवं बुखार के प्राथमिक इलाज केन्द्र के माध्यम से निःशुल्क करानें की अपील की जा रही है। कोविड सहायता केन्द्र प्रभारियों नें जानकारी देते हुए बताया कि आज कोविड सहायता केन्द्रों के माध्यम से जोन क्रमांक 1 बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम परिसर से 8, जोन क्रमांक 2 खिरहनी आंगनबाड़ी केन्द्र में 8, जोन क्रमांक 3 टी.सी बजान स्कूल परिसर में 3 मरीज तथा जोन क्रमांक 4 माधवनगर उपकार्यालय में स्थापित कोविड सहायता केन्द्र से 2 सर्दी, खॉसी एवं बुखार के मरीजों की निःषुल्क जांच की जाकर दवाईयों का वितरण किया गया।

# सार्वजनिक सड़कों सहित नाले नालियों में चला सफाई अभियान







**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के निरंतर प्रयास जारी है। नगर में कोरोना संक्रमण के पसार पर अंकुश लगाया जा सके इस हेतु विभिन्न स्तरो सं निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जाकर लागों को संक्रमण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के स्वच्छता दूतों द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था हेतु निरंतर दो पालियों में प्रयास किये जाकर रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्नन मार्गो की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। साथ ही कचरे को उठाव का कार्य भी नियमित रुप से जारी है। डोर टू डोर कचरे का संग्रहण कर कचरा वाहनों के माध्यम से शासन गाईडलाईन का पालन करने तथा लॉकडाउन का पालन करते हुए घर पर सुरक्षित रहने की अपील की जा रही है। प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के तहत बस स्टेण्ड प्रांगण के विभिन्न स्थलों सहित मिशन चौक, राजीव गांधी वार्ड ओव्हर ब्रिज रोड, कावस जी वार्ड भीमराव चौक से विवेकानंद चौक, नदी पार से सूर्या होटल तक, बरगवां ओव्हर ब्रिज के पास स्थित डिवाइडर, दुर्गा हास्पिटल गली आदर्श कॉलोनी, जीवन ज्योति हास्पिटल, सायना कोविड केयर सेंटर के मैडिकल वेस्ट के उठाव के कार्य के साथ जिला चिकित्सालय परिसर के कचरे की जे.सी.बी मशीन के माध्यम से सफाई का कार्य किया गया। आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर के बडे एवं छोटे नाले नालियों की सफाई व्यवस्था हेतु चन्द्र शेखर आजाद वार्ड मरही माता मंदिर रोड स्थित बडे नाले की सफाई महात्मा गांधी वार्ड के विभिन्न स्थलों, सी.एल.पी पाठक वार्ड स्थित गनियाना टोला के पास बडे नाले की कावस जी वार्ड विवेकानंद चौक के पीछे खदान के सामनें वाली नाली,जीवन चौधरी जी के घर के सामनें वाले नाले सहित अन्य स्थलों के नाले नालियों की सफाई की जाकर अपशिष्ट की सफाई की जाकर नगर को संक्रमण मुक्त रखनें के प्रयास किये गए।

यदि आप तक समय पर

यश भारत

नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

# मदद के लिए आगे आये एक्टर अजित





कोरोना का कहर भारत के लोगों पर बड़ी मुसीबत बनकर टूट रहा है। एक तरफ इस महामारी से लोग अपनी जान गवां रहे हैं तो बहुत से लोगों को आर्थिक तंगी से जूझना पड़ रहा है। मजदूरों को अपनी जीविका के लिए हर दिन काफी संघर्ष करना पड़ रहा है।

नई दिल्ली। कोरोना वायरस का कहर भारत के लोगों पर बड़ी मुसीबत बनकर टूट रहा है। एक तरफ इस महामारी से लोग अपनी जान गवां रहे हैं तो बहुत से लोगों को आर्थिक तंगी से जूझना पड़ रहा है। छोटे मजदूरों को अपनी जीविका के लिए हर दिन काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। इनमें फिल्म इंडस्ट्री में काम करने वाले वर्कर्स भी शामिल हैं। लॉकडाउन के चलते बहुत सी फिल्मों और टीवी सीरियल्स की शूटिंग को रोक दिया गया है।ऐसे में इंडस्ट्री में काम करने वाले छोटे वर्कर्स और तकनीशियन्स को अपनी जीविका के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। अब इन लोगों की मदद के लिए साउथ सिनेमा के मशहूर अभिनेता अजित कुमार आगे आये हैं। उन्होंने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में काम करने वालों वर्कर्स के लिए एफईएफएसआई (फिल्म एम्प्लॉइज फेडरेशन ऑफ साउथ इंडिया) के जरिए 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद की है। ताकि छोटे मजदूरों को अपनी जीविका के लिए संघर्ष न करना पड़े।अंग्रेजी वेबसाइट इंडिया टुडे की खबर के अनुसार इस बात की जानकारी मशहूर निर्माता-निर्देशक आरके सेल्वामणि ने दी है। रविवार को आरके सेल्वामणि ने मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में फैले कोरोना संकट के बारे में बताया था। साथ ही यह भी बताया कि तमिलनाडु फिल्म इंडस्ट्री में 31 मई तक के लिए सभी टीवी सीरियल्स की शूटिंग को रोक दिया गया है।आरके सेल्वामणि ने यह भी बताया है कि टीवी सीरिल्स के लिए फिल्मों के पोस्ट प्रोडक्शन के काम को भी रोक दिया गया है। उन्होंने अजित कुमार की ओर से इंडस्ट्री के वर्कर्स को 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने पर उनका शुक्रिया अदा किया है। इसके साथ ही आरके सेल्वामणि ने अन्य कलाकारों से भी अपील की है कि वह भी मजदूरों के कल्याण के लिए आर्थिक मदद करें, ताकि इस मुश्किल घड़ी में वह अपनी जीविका चला सकें।आपको बता दें कि अजित कुमार साउथ सिनेमा के मशहूर कलाकारों में से एक हैं। उन्होंने एक से बढ़कर फिल्मों में अभिनय कर दर्शकों के दिलों को जीता है। अजित कुमार अब तक अमरकलम, अशोका, वीरम, वेदलम और विश्वासम सहित साउथ सिनेमा की कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। अजित कुमार आखिरी बार फिल्म नरकोंडा पारवाई में दिखाई दिए थे।



# रेनसूट में यश और रूही

### मानसून की तैयारियां

बॉलीवुड के मशहूर डायरेक्टर करण जौहर अक्सर सोशल मीडिया पर अपने जुड़वां बच्चों की तस्वीरें शेयर करते रहते हैं। इसी बीच उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर यश और रूही की तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें दोनों व्हाइट कलर के रेनसूट में नजर आ रहे हैं।

नई दिल्ली। बॉलीवुड के मशहूर डायरेक्टर करण जौहर अक्सर सोशल मीडिया पर अपने जुड़वां बच्चों की तस्वीरें शेयर करते रहते हैं। उनकी इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। अब उन्होंने इंस्टाग्राम पर यश और रूही की तस्वीरें शेयर कर बताया कि उन्होंने आने वाले मानसून की तैयारियां शुरू कर दी हैं।यश और रूही की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर अब तक (खबर लिखें जाने तक) 10 लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं। साथ ही बॉलीवुड कलाकारों ने फोटोज पर कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। फोटोज में यश और रूही व्हाइट कलर के रेनसूट में मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। इन फोटोजो को इंस्टाग्राम पर शेयर कर उन्होंने कैप्शन लिखा, 'मानसून की तैयारी!'हाल ही में मदर्स डे के मौके पर करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम पर यश और रूही का एक बीटीएस वीडियो शेयर किया था, जिसमें यश और रूही अपनी दादी हीरू जौहर को मदर्स डे की शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस बीटीएस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर कर करण जौहर ने इमोशनल कैप्शन लिखते हुए अपनी मां को मदर्स की शुभकामनाएं दी थीं।बता दें करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन हाउस ने कई बड़ी बॉलीवुड की फिल्म का निर्माण किया है और उन्होंने बॉलीवुड स्टार किड्स को लॉन्च करने के लिए भी जानना जाता है। उन्होंने आलिया भट्ट, अनन्या पांडे, वरुण धवन जैसे कई न्यूकर्स को इंडस्ट्री में लॉन्च किया है। इस साल भी उनका प्रोडक्शन हाउस कई बड़ी फिल्मों का निर्माण कर रहा है। इस साल उनकी %शेरशह%, %ब्रह्मास्त्र%, 'लाइगर', 'दोस्ताना 2' जैसी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। हाल ही करण जौहर ने 'अनामिका', 'मीनाक्षी सुंदेरश्वर', 'फैबुलस लाइव्स बॉलीवुड वाइव्स 2' जैसी वेब सीरीज की भी घोषणा की है।



# कंगना रनोट के बयान ने मुझे काफी परेशान किया था

### कंगना रनोट ने पिछले साल उर्मिला मातोंडकर को बताया था एडल्ट स्टार, अब राम गोपाल वर्मा ने कही ये बात



नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनोट सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों पर बोलने के अलावा कई फिल्मी सितारों के साथ जुबानी जंग की वजह से भी चर्चा में रह चुकी हैं। उन्होंने पिछले साल बॉलीवुड की मशहूर और दिग्गज अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर को एडल्ट स्टार बोल दिया था। जिसके बाद कंगना रनोट की बॉलीवुड के कई सितारों ने आलोचना की थी। उनमें मशहूर निर्माता-निर्देशक राम गोपाल वर्मा भी थे। उर्मिला मातोंडकर ने राम गोपाल वर्मा की फिल्म रंगीला, सत्या और भूत सहित कई फिल्मों में काम किया है। अब एक बार फिर से कंगना रनोट के उस बयान को लेकर राम गोपाल वर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। दिग्गज निर्देशक ने हाल ही में अंग्रेजी वेबसाइट बॉलीवुड बबली से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अपनी फिल्मों के अलावा उर्मिला मातोंडकर पर कगंना रनोट के बयान को लेकर भी बात की। राम गोपाल वर्मा ने कहा, कंगना रनोट के इस तरह के बयान ने मुझे काफी परेशान किया था। बोलने की आजादी हर किसी को होनी चाहिए, लेकिन यह अक्रामक नहीं होना चाहिए। कंगना, उर्मिला मातोंडकर को लेकर क्या सोचती हैं यह उनका नजरिया है। मैं इस पर कुछ कहना भी नहीं चाहूंगा, लेकिन एक निर्देशक के तौर पर मैं उर्मिला और उनके शानदार कामों को जानता हूं और मुझे पता है वह एक शानदार कलाकार है। गौरतलब है कि कंगना रनोट और उर्मिला मातोंडकर बीते साल आमने-सामने थीं। दोनों के बीच एक किस्म का वर्चुअल वॉर शुरू हो गया था। कंगना ने उर्मिला को लेकर कुछ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। इसके बाद सोशल मीडिया पर दो धड़े उभरकर सामने आए हैं। कई लोगों ने उर्मिला को इस मामले में समर्थन किया था। इस मामले की शुरुआत कंगना के ऊपर उर्मिला की प्रतिक्रिया से शुरू हुई। बीते साल कंगना रनोट लगातार बॉलीवुड में ड्रग्स और नेपोटिज्म को लेकर बातें कर रही थीं। इस पर उर्मिला मातोंडकर ने उनके विपरित विचार रखे थे। इस पर कंगना रनोट ने एक आपत्तिनजनक पोस्ट किया था। उन्होंने ने न सिर्फ उर्मिला मातोंडकर के लिए आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया, बल्कि यह भी कहा कि अभिनेत्री को एक्टिंग भी नहीं आती है।

# द लास्ट आवर, सिनेमाबंदी द अलमा मैटस...




### द लास्ट आवर, सिनेमाबंदी, द अलमा मैटस...'इस वीकेंड में मनोरंजन के लिए हाज़िर हैं ये वेब सीरीज़ और मूवीज़

13 मई को राधे- योर मोस्ट वॉन्टेड भाई के साथ सलमान ख़ान ओटीटी की दुनिया में क़दम रख रहे हैं। राधे ज़ीप्लेक्स पर Pay Per Vie2 के आधार पर रिलीज़ की जा रही है। इसके अलावा डीटीएच पर भी फ़िल्म इसी आधार पर उपलब्ध रहेगी।

नई दिल्ली। कोरोना वायरस पैनडेमिक के बीच ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिए यह हफ़्ता काफ़ी अहम है। इस बार कई बड़ी और अहम फ़िल्में विभिन्न ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज़ हो रही हैं। दर्शकों को इस वीकेंड में देखने के लिए काफ़ी वैरायटी उपलब्ध रहेगी। 14 मई को अमेज़न प्राइम वीडियो पर एक नया शो द लास्ट आवर रिलीज़ हो गया है। यह आठ एपिसोड्स का एक सुपरनेचुरल क्राइम इनवेस्टिगेटिव शो है, जिसमें अनिल कपूर के छोटे भाई संजय कपूर लीड रोल में हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर संजय का यह पहला बड़ा शो है। प्राइम वीडियो की भारत में पहली सुपरनेचुरल सीरीज़ है। सीरीज़ में शहाना गोस्वामी भी अहम किरदार में दिखेंगी। 14 मई को निर्माता-निर्देशक राज एंड डीके की फ़िल्म सिनेमा बंदी नेटफ्लिक्स पर आ गयी है। हालांकि, यह इंडी फ़िल्म है, जिसका राज एंड डीके के बैनर डी2आर इंडी ने निर्माण किया है। फ़िल्म की कहानी कुछ पैशनेट लोगों द्वारा फ़िल्म बनाने को हल्के-फुल्के अंदाज़ में दिखाती है।14 मई को नेटफ्लिक्स पर वेब सीरीज़ द अलमा मैटर्स- इनसाइड द आईआईटी ड्रीम रिलीज़ हुई है। प्रतीक पात्रा और प्रशांत राज निर्देशित इस सीरीज़ में आईआईटी खड़गपुर की दुनिया दिखायी गयी है, जहां युवा अपने सपनों के साथ प्रतिस्पर्द्धा, लिंगवाद और पहचान के लिए संघर्ष करते दिखेंगे। जाने-माने कॉमेडियन विश्व कल्याण रथ भी इस सीरीज़ में फीचर हुए हैं, जो आईआईटी खड़गपुर के विद्यार्थी रहे हैं।14 मई को अमेज़न प्राइम वीडियो पर धनुष की चर्चित तमिल फ़िल्म करनन रिलीज़ हो गयी है। फ़िल्म में धनुष के साथ रजिशा विजयन, नटराजन, योगी बाबू, लाल पॉल आदि अहम किरदारों में हैं। यह फ़िल्म 9 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी है और इसे अच्छे रिव्यूज़ मिले थे। फ़िल्म जातिगत संघर्ष पर आधारित है। प्राइम पर 14 मई को नया स्टैंड अप कॉमिक शो मार्केट डाउन है आ गया है। इस शो में स्टैंप अप कॉमेडियन गौरव गुप्ता मनोरंजन कर रहे हैं। 14 मई को प्राइम पर द अंडरग्राउंड रेलरोड सीरीज़ शुरू हो गयी है। यह हिस्टोरिकल फिक्शन सीरीज़ है। 1800 के दौर गुलाम अफ्रीकियों और अमेरिकियों में संघर्ष की कहानी दिखायी गयी है। अमेज़न प्राइम पर 15 मई को हॉलीवुड फ़िल्म वंडर वुमन 1984 रिलीज़ होगी। गैल गैडट अभिनीत फ़िल्म पिछले साल भारत में भी सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी है। मगर, अब फैंस इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकेंगे।13 मई को सलमान ख़ान की बहुप्रतीक्षित फ़िल्म %राधे- योर मोस्ट वॉन्टेड भाई ज़ी5 (ज़ीप्लेक्स) पर रिलीज़ हो गयी है। इस फ़िल्म के साथ सलमान ख़ान ने ओटीटी की दुनिया में क़दम रख दिया है। राधे ज़ीप्लेक्स पर क्कड्ढ4 क्क्रद्ग ङ्कद्बद्ग2 के आधार पर रिलीज़ की गयी है। इसके अलावा डीटीएच पर भी फ़िल्म इसी आधार पर उपलब्ध है। प्रभुदेवा निर्देशित फ़िल्म में सलमान के साथ दिशा पाटनी, रणदीप हुड्डा और जैकी श्रॉफ प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# फिल्म ने तोड़े कमाई के सारे रिकॉर्ड,

सलमान खान की ईद पर रिलीज हुई फिल्म 'राधे' ने पहले ही दिन कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। फिल्म ने पहले दिन 125 करोड़ से कमाई की वहीं पहले दिन राधे ह्रश्वश्व पर सबसे ज्यादा देखी जानी वाली फिल्म बन गई।








नई दिल्ली। सलमान खान की ईद पर रिलीज हुई फिल्म 'राधे-योर मोस्ट वांटेड भाई' ने पहले ही दिन कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। फिल्म ने पहले दिन 125 करोड़ से कमाई की वहीं पहले दिन राधे ह्रश्वश्व पर सबसे ज्यादा देखी जानी वाली फिल्म बन गई। पहले दिन ही इसे 4.2 मिलियन यानि 42 लाख व्यूज मिले। ये सलमान खान की किसी भी फिल्म को देश में मिली अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग है। सलमान की किसी फिल्म की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग उनकी पिछली फिल्म 'भारत' की रही है जिसने रिलीज के दिन ही 42 करोड़ 30 लाख रुपये जुटाए थे।भारत के साथ-साथ सलमान की इस फिल्म ने ओवरसीज मार्केट में भी खूब कमाई की है। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया में राधे-यॉर मोस्टवॉन्टेड की कमाई करीब 53.93 लाख रुपए हुई और न्यूजीलैंड में फिल्म ने 9.97 लाख रुपए कमाए। ऑस्ट्रेलिया में फिल्म को 69 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था और न्यूजीलैंज में फिल्म 26 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई थी।अब ऐसे में अगर इन दोनों देशों की कमाई को मिला दें तो ये 64.9 लाख रुपए बैठती है। इसके अलावा पहले दिन की कमाई की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया में पहले दिन फिल्म ने 35.77 लाख रुपए का बिजनेस किया था और न्यूजीलैंड में 6.05 लाख रुपए की कमाई हुई थी। इस हिसाब से कुल कमाई 41.67 लाख रुपए बैठती है। बता दें कि दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में राधे को कुछ और स्क्रीन्स पर भी रिलीज किया गया जिसके बाद इन दोनों देशों में स्क्रीन की संख्या बढ़ गई। बता दें कि फिल्म 'राधे-योर मोस्ट वांटेड भाई' को सलमान खान ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी सलमान खान फिल्म्स के लिए खुद बनाया है। सलमान खान की इस फिल्म को पिछले साल यशराज फिल्म्स के जरिए रिलीज करने की बात चली थी, लेकिन ये बातचीत अटकती दिखाई दी तो सलमान खान ने इसका सौदा जी स्टूडियोज के साथ कर दिया।

# डेढ़ महीने बाद एक हजार से नीचे एक्टिव केस

## आज पॉजीटिव केस से ज्यादा मरीजों ने दी कोरोना संक्रमण को मात

**कटनी।** जिले में कोरोना संक्रमण से हर दिन राहत मिल रही है। पॉजीटिव केस की संख्या में भी कमी आ रही है, जिससे करीब डेढ़ महीने बाद एक्टिव केस की संख्या एक हजार से नीचे आई है। एक्टिव केस कम आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने राहत की सांस ली है। सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया का कहना है कि लॉकडाउन का अब फायदा मिल रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के मुताबिक आज जिले में 958 एक्टिव केस हैं और 178 मरीजों को जिला चिकित्सालय और कोविड केयर सेंटर में भर्ती करते हुए इलाज किया जा रहा है, जबकि 780 मरीज होम आईसोलेशन में रहकर इलाज करा रहे हैं। खास बात यह है कि पिछले 24 घंटे में जितने पॉजीटिव केस मिले हैं, उससे कहीं अधिक मरीजों ने कोरोना संक्रमण को मात दी है। जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे में जिले मं 916 सेम्पल की रिपोर्ट में 74 मरीज सामने आए है, इसमे 18 मरीज दूसरे जिलों से मिली रिपोर्ट में मिले है। बताया जाता है कि मेडिकल कॉलेज जबलपुर से मिली 13 मई की 485 सेम्पल की रिपोर्ट में 34 और रेपिड एंटीजन टेस्ट की 431 सेम्पल की रिपोर्ट में 40 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। सीएमएचओ के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक जिले में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 8 हजार 926 हो गई है। पिछले 24 घंटे में 145 मरीजों ने कोरोना संक्रमण को मात दी है और अब तक 7889 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि दो दिन से लगातार 900 लोगों की सेम्पलिंग की जा रही है। 14 मई को 465 और 15 मई को 494 लोगों की सेम्पलिंग की गई है।



कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कटनी (म.प्र.)

DISTRICT SURVEILLEANC UNIT- IDSP, DISTRICT KATNI

S.No/IDSP/2021/Covid-19/333 कोविड - 19 हेल्थ बुलेटिन Katni, Date:- 16-5-2021

| स.क्र. | विवरण | विगत 24 घंटे में | माह में प्रोग्रेसिव | (दिनांक 30/03/20 से) कुल प्रोग्रेसिव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिले के कुल एक्टिव मरीजो की संख्या | 56 | - | 958 |
| 2 | कोविड केयर सेंटर/डिस्ट्रिक्ट कोविड हेल्थ केयर सेन्टर एवं अन्य चिकित्सालयों में भर्ती मरीजों की संख्या | 0 | - | 178 |
| 3 | होम आइसोलेसन में रखे गये संक्रमित मरीजों की संख्या | 56 | - | 780 |
| 4 | जिले द्वारा जांच हेतु भेजे गए कुल सेम्पल संख्या | 925 | 11473 | 115732 |
| 5 | जिले में लैब जाँच में प्राप्त पॉजिटिव रिपोर्ट की संख्या | 56 | 1689 | 8570 |
| 6 | अन्य जिले से प्राप्त कोरोना संक्रमित (+ve) मरीजों की संख्या | 18 | 28 | 356 |
| 7 | जिले में कुल कोरोना संक्रमित (+ve) मरीजो की संख्या | 74 | 1717 | 8926 |
| 8 | जिले में कोरोना वायरस कुल नेगेटिव (-ve) रिपोर्ट की संख्या | 860 | 9438 | 100653 |
| 9 | कोरोना वायरस सेम्पल रिपोर्ट अप्राप्त रिपोर्ट संख्या | 494 | 977 | 977 |
| 10 | कोरोना वायरस सेम्पल रिजेक्ट संख्या (पैथोलॉजी द्वारा सेम्पल रिजेक्ट कर दिया गया हो) | 0 | 0 | 203 |
| 11 | कोरोना संक्रमण के कारण मृत्यु संख्या | 0 | 43 | 79 |
| 12 | कोरोना संक्रमित (जिनका सेम्पल पॉजिटिव था) उपरांत ठीक हुए कुल मरीजों की संख्या | 145 | 2027 | 7889 |
| 13 | अन्य कोई घटना या जानकारी होने पर उल्लेख करें | 0 | 0 | 0 |

नोट:- उक्त आकड़े रात्रि 10.00 बजे तक उपलब्ध जानकारी के आधार पर संकलित किये गए है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कटनी (म.प्र.)





# सड़क हादसे का शिकार हो गया उमरिया का युवक

**अमरपाटन के लिए हुआ था रवाना, अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर, बाइक सवार की मौत, खितौली चौकी के पास हुआ हादसा**

**कटनी/बरही।** उमरिया जिले के एक गांव से अपनी बहन के घर जाने के लिए बाइक सवार 38 वर्षीय युवक सड़क हादसे का शिकार हो गयाए जिसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह सड़क हादसा बरही थाना क्षेत्र के खितौली चौकी अंतर्गत सिद्ध महाराज के पास बीती रात घटित हुआ। घटना के सम्बंध में खितौली चौकी प्रभारी बी जी चतुर्वेदी से प्राप्त जानकारी मुताबिक उमरिया जिले के ग्राम किजरी मजमामनी कला का रहने वाला अनिल उर्फबबलू पिता जगदीश मिश्रा 36 वर्ष बीती रात अपनी बाइक क्रमांक एमपी 54 एमबी 7268 पैसन प्रो से सतना जिले के अमरपाटन अपनी बहन के घर जाने के लिए रवाना हुआ थाए जो अज्ञात वाहन की ठोकर से सड़क हादसे का शिकार हुआ, जिसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के सूचना रविवार की सुबह तेंदूपत्ता तोड़ने वालों ने दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मिले आधार कार्ड के आधार पर अनिल मिश्रा के रूप में शिनाख्त करते हुए परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराते हुए शव परिजनों के सुपुर्द कर मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है। सड़क हादसे का शिकार हुए युवक के सिर में सांघातिक चोट आई। रातभर सड़क किनारे पड़े रहने एवं अधिक रक्त वह जाने से घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए।



# सोमनाथ व रीवा-राजकोट एक्सप्रेस रद्द

## गुजरात में टाक्टे तूफान का असर ट्रेनों पर

**कटनी।** कोरोना संक्रमण से बिगड़े हालात अभी सुधरे नहीं हैं और अब तूफान ने हालात और बिगड़ दिए हैं। गुजरात के तटीय इलाकों में तूफान आने की चेतावनी जारी होने के बाद सभी सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं। रेलवे ने भी गुजरात जाने और वहां से आने वाली ट्रेनों को रद्द करना शुरू कर दिया है। इस तूफान का असर कटनी में भी पड़ा है। कटनी होकर गुजरात जाने वाली ट्रेनों को रेलवे ने तूफान की चेतावनी के बाद रद्द कर दिया है। जबलपुर से कटनी होकर सोमनाथ जाने वाली सोमनाथ एक्सप्रेस और रीवा से राजकोट के बीच चलने वाली रीवा-राजकोट एक्सप्रेस को 16 और 17 मई को रद्द कर दिया है। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 01464 जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस जो इटारसी से भोपाल होकर सोमनाथ जाती है। यह ट्रेन 16 मई यानि आज जबलपुर से रवाना नहीं होगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 01463 सोमनाथ-जबलपुर सोमनाथ एक्सप्रेसए जो 18 मई को सोमनाथ से जबलपुर के लिए रवाना होगी, यह ट्रेन भी रद्द कर दी गई है। इसीप्रकार गाड़ी संख्या 01466 जबलपुर-सोमनाथ जो कटनी मुड़वारा, बीना एवं भोपाल होते हुए सोमनाथ जाएगी। यह ट्रेन भी 17 मई को रद्द रहेगी। वहीं गाड़ी संख्या 01465 सोमनाथ-जबलपूर एक्सप्रेस ट्रेन 17 मई को रद्द रहेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 09238 रीवा-राजकोट एक्सप्रेस स्पेशल जो कटनी, जबलपुर से इटारसी से होते हुए सोमनाथ जाती है, यह ट्रेन भी 17 मई को रद्द रहेगी।

### यात्रियों को पूरा रिफंड देगा रेलवे

रेल प्रशासन द्वारा रेल संरक्षा एवं यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते गुजरात के तटीय क्षेत्र में दिनांक 17 एवं 18 मई 2021 को तूफान आने की चेतावनी दी गई है। जिसके चलते पश्चिम मध्य रेल के जबलपूर और रीवा स्टेशनों से प्रारंभ होने तथा कटनी होकर चलने वाली गाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। जबलपुर से जाने और गुजरात से आने, दोनों ओर की ट्रेनों को रद्द किया गया है। इस दौरान जिन यात्रियों ने ट्रेन में रिजर्वेशन कराया था, रेलवे उन्हें किराए की पूरी राशि वापस करेगा। काउंटर से टिकट लेने वालों को रिजर्वेशन काउंटर से रिफंड मिलेगा।



रेमडेसिविर इंजेक्शन के अभाव में कितने मरीजों की मौत, इसकी भी जांच जरूरी

एसआईटी ने शुरू की पड़ताल, इंजेक्शन की आपूर्ति, दाम और स्टाक की हो रही जांच

इनका कहना है

रेमडिसीवर इंजेक्शन की कंपनियां एवं निर्धारित किया गया रेट

| कंपनी का नाम | ब्रांड | कीमत |
|---|---|---|
| 1. cadila healthcare ltd. | REMDAC | 899/ |
| 2. jubilant generic ltd. | JUBI-R | 2720/. |
| 3. sun pharma | REMWIN INJ. | 1960/. |
| 4. hetero healthcare ltd. | COVIFOR | 3200/. |
| 5. mylan pharmaceuticals pvt ltd | DESREM | 1600/. |

यश भारत में प्रकाशित खबर।

# रेमडिसीवर इंजेक्शन एलॉट होने के बाद भी नहीं लगाया

## परिजनों की शिकायत पर एसआईटी ने निजी अस्पताल को थमाया नोटिस

**कटनी।** रेमडिसीवर इंजेक्शन मामले की जांच कर रही एसआईटी को महत्वपूर्ण तथ्य मिले हैं। जांच शुरू होने के बाद अब पीड़ित परिजन भी सामने आकर शिकायत दर्ज करा रहे हैं। सुभाष चौक निवासी एक पीड़ित परिवार द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है कि आदर्श कॉलोनी स्थित धर्मलोक हॉस्पिटल में कोरोना मरीज को रेमडिसीवर इंजेक्शन एलॉट होने के बाद भी उसे नहीं लगाया गया, जबकि इंजेक्शन की बिलिंग की गई है। परिजनों की शिकायत के बाद एसआईटी ने धर्मलोक हॉस्पिटल प्रबंधन को नोटिस जारी करते हुए जबाव पेश करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि जबलपुर में नकली रेमडिसीवर इंजेक्शन मामले का खुलासा होने के बाद राज्य सरकार के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा एसआईटी का गठन करते हुए जिले में रेमडिसीवर इंजेक्शन को लेकर हुई गड़बड़ियों की जांच करने के निर्देश दिए थे। एसआईटी गठित होने के बाद टीम के अइधिकारियों द्वारा शहर के दो निजी अस्पताल और दो मेडिकल स्टाकिस्ट के यहां पहुंचकर जांच पड़ताल की गई। हालांकि पहले की दिन की जांच में एसआईटी को कोई ऐसा तथ्य नहीं मिला, जिससे कार्रवाई की जा सके। निजी अस्पतालों और दवा विक्रेताओं के यहां स्टाक, आपूर्ति और रेट की जांच की गई थी। एसआईटी की जांच चल ही रही थी कि पीड़ित परिजन भी शिकायत लेकर सामने अर रहे हैं। एएसपी संदीप मिश्रा ने बताया कि सुभाष चौक निवासी सतपाल ने लिखित शिकायत दी है कि रेमडिसीवर इंजेक्शन एलॉट होने के बाद नहीं लगाया गया और बिलिंग की गई है। शिकायत के बाद अब एसआईटी जांच में जुट गई है। निजी अस्पताल को नोटिस जारी करते हुए जबाव मांगा गया है।

## यश भारत की खबर का असर

# पॉजीटिव व्यक्ति के कार में घूमने की खबर के बाद जागे अधिकारी

### एफआईआर के लिए स्वास्थ्य विभाग ने लिखा पत्र

यश भारत — खबर का असर

**कटनी।** रीठी तहसील के ग्राम बांधा इमलाज में कोराना संक्रमित व्यक्ति के कार में घूमकर गांव में दहशत फैलाने की खबर के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हुआ। यशभारत द्वारा कल 15 मई को इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद संबंधित व्यक्ति को समझाईश दी गई है और उसके विरूद्ध नियमों के उल्लंघन को लेकर एफआईआर भी कराई जा रही है, हालांकि अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया ने बताया कि बीएमओ से कार्रवाई के लिए कहा गया है। गौरतलब है कि जिले में कोरोना रिपोर्ट पॉजीटिव आने के बाद भी होम आईसोलेशन के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। लोग पॉजीटिव होने के बाद भी अपने घरों से निकलने से बाज नहीं आ रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में संक्रमण फैलने की संभावनाएं बनी हुई हैं। बहोरीबंद तहसील में ऐसा ही एक मामला सामने आने के बाद अब रीठी तहसील के ग्राम बांधा इमलाज में कोरोना संक्रमित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की कार को एक दूसरे पॉजीटिव व्यक्ति द्वारा गांव में घूमने का वीडियो वायरन होने के बाद हड़कम्प मच गया। यश भारत की खबर के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया है। बीएमओ रीठी बबीता सिंह ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद कार्रवाई के लिए पत्राचार किया गया है। समझाईश देने के बाद संक्रमित व्यक्ति होम आईसोलेशन में है।



# मोटर सायकलों में सीधी भिड़ंत, दो की मौत

**दो गंभीर, अस्पताल में भर्ती, कटनी-विगढ़ मार्ग पर अंधे मोड़ में हुआ हादसा**



**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत ग्राम लमतरा में पेट्रोल पंप के पास अंधे मोड़ पर दो मोटर सायकलों के बीच हुई जोरदार भिडंत में दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के संबंध में कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह से मिली जानकारी के मुताबिक मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.20एनपी-2946 में कुठला निवासी 32 वर्षीय अनंतराम काछी व उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम बम्हनी निवासी 30 वर्षीय नरेन्द्र काछी ग्राम कंहवारा जमीन देखने गए थे। जमीन देखने के बाद दोनों वापस लौट रहे थे। वहीं दूसरी मोटर सायकल में ग्राम कंहवारा निवासी 32 वर्षीय सज्जन कुशवाहा व 25 वर्षीय रिंकू यादव कंहवारा की ओर जा रहे थे। इसीदौरान ग्राम लमतरा में पेट्रोल पंप के पास अंधे मोड़ पर दोनों मोटर सायकलों में सीधी भिड़ंत हो गई। जिसके कारण नरेन्द्र काछी व सज्जन कुशवाहा की मौत हो गई जबकि रिंकू यादव व अनंतराम काछी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतकों का पीएम कराते हुए दोनों मोटर सायकलों के चालकों के विरूद्ध धारा 279, 337, 304ए के तहत काउंटर मामला दर्ज कर लिया है।


श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)

फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध — डॉ.बलदेव सिंह — MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन — पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल — हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध — डॉ. गगन सोनी — BDS डेंटल सर्जन — कटनी के सुप्रसिद्ध — दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB — कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ

डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV — पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई — त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ — मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को उपलब्ध

डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS. MD. DM. — मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ — महिने के पहले रविवार को उपलब्ध

डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS. MD. DM. — हृदय रोग विशेषज्ञ — महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध

24/7 दवाईयाँ एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग

उपलब्ध विभाग — हेल्पलाईन नं.8982275111 — उपलब्ध सुविधायें

- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध — भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था


# पुलिस कोविड केयर सेंटर का उद्घाटन करेंगे आईजी

### झिंझरी स्थित पुलिस लाइन आज शाम होगा आगमन

**कटनी।** जिले में बढ़ते कोरोना संक्रमण के बढ़ने तथा जिला चिकित्सालय सहित शहर के निजी अस्पतालों में कोरोना संक्रमित मरीजों के उपचार में आ रही परेशानियों को पुलिस कप्तान मयंक अवस्थी ने गंभीरता से लिया है। कोरोना संक्रमण के दौरान लॉकडाउन का कड़ाई से पालन कराते हुए कोरोना संक्रमण की चपेट में आने वाले पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों को समुचित उपचार समय पर दिलाने की पहल की है। पुलिस अधीक्षक श्रीअवस्थी के निर्देश पर झिंझरी स्थित पुलिस लाइन में 15 बेड का आक्सीजन युक्त कोविड सेंटर तैयार किया गया है। जिसका लाभ पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों को दिया जाएगा। पुलिस विभाग के कोविड सेंटर का उद्घाटन आज शाम जबलपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक भगवत सिंह चौहान करेंगे। कोविड केयर सेंटर का उद्घाटन करने के साथ ही आईजी श्री चौहान लॉकडाउन के तहत पुलिस द्धारा की गई कार्रवाई की भी समीक्षा करेंगे।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)